# Misson Shikshan Samvad

मिशन
शिक्षण
संवाद

# मानव जनित आपदाएँ



## काव्य मंजरी
## शैक्षिक कविताओं का संकलन

## संकलन
काव्यांजलि टीम

## मिशन शिक्षण संवाद

# मानव जनित आपदाएँ - युद्ध

01

मानव युद्ध बड़ा घातक,
नहीं इसका कोई ठौर है।
मरती सदा मानवता है,
बर्बादी की ओर है।।



हानि जन-धन की ये कराता है,
इसमें सब कुछ लूट जाता है-2
खंडहर ही बस रह जाता है,
नहीं इसका कोई छोर है।।

लहू बहता है आँसू गिरता है,
मारा-मारा जीव फिरता है-2
बन्द करो ये युद्ध तुम,
शांति जग की सिरमौर है।।

सुधांशु श्रीवास्तव
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर



Misson Shikshan Samvad

# मानव जनित आपदाएँ परमाणु बम का विस्फोट

02

परमाणु बम न फोड़ो,
होगा विनाश भारी।
सम्पत्ति जो प्रकृति की,
हो जाय नाश सारी।।

पपीहे की रटन पिहु-पिहु,
कोयल की कुहुक प्यारी।
भ्रमरों की गुनगुनाहट,
हो जायें बन्द सारी।।



कलियों का मुस्कुराना,
फूलों की हँसी न्यारी।
बरसा की मीठी बूँदें,
पड़ जायेंगी ये खारी।।

सारा जगत चराचर,
मनुष्य ना बिगाड़ो।
सुन्दर चमन प्रभु का,
तुम व्यर्थ ना उजाड़ो।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

राकेश कुमार
उ०प्रा०वि० उबरीखेड़ा मकरन्द
कमालगंज, फर्रूखाबाद



## Misson Shikshan Samvad

# मानव जनित आपदाएँ – अग्नि दुर्घटना

## 03

आग मुक्ति का साधन है और आग यज्ञ की धूमी भी।
आग काम की बहुत मगर सावधानी बहुत जरुरी भी।।

मत खेलो कभी आग- आग से, जीवन संकट में पड़ता।
बिना सुरक्षा न इसे लगाओ, उल्टा दांव कभी पड़ता।।



आग घरों के चूल्हे में और हर घर के गैस सिलेंडर में।
अग्निशमन हो साथ हमेशा सूती वस्त्र भी हो तन में।।

बच्चों का ये खेल नहीं ये खेल भयानक भी बनता।
जब भी हो विकराल रूप में बड़े बड़ों से न थमता।।

कभी किसी को आग लगे मोटे कम्बल से बुझा सको।
देर न करके उस मरीज को अस्पताल में पहुंचा सको।।

हर दम धैर्य साथ रखना हो आग भयंकर जितनी भी।
112 पर कॉल करो और अग्निशमन बुलाना जल्दी ही।।


कृष्ण कुमार (प्र.अ)
प्रा.वि. रामपुर की मड़ैया
भाग्यनगर, औरैया


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Misson Shikshan Samvad

# मानव जनित आपदाएँ - सड़क दुर्घटनाएं

04

सड़क पर सदा बाएं चलें,
रखें नियमों का ध्यान।
दुर्घटना से देर भली है,
बच सकती है जान।।



लापरवाही जल्दीबाजी में,
होती हैं ये दुर्घटनाएँ ।
पर यदि रहें हम सावधान ,
तब न हों ये दुर्घटनाएँ।।

यातायात के नियम बने हैं,
जिसका पालन सब करिये।
तभी सुरक्षित हम सब होंगे,
ये बात ध्यान में अब रखिये।।

साकेत बिहारी शुक्ल(स०अ०)
पू०मा०वि०कटैया खादर
रामनगर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।



Misson Shikshan Samvad

# मानव जनित आपदाएँ विषैली गैसों का रिसाव

05

गैसें मानव जीवन में हैं उपयोगी।
लापरवाही से रिसकर, ये कर दें रोगी।।

मानव इनको संसाधन में प्रयुक्त करे,
समय बचत हो शीघ्र, बहुत रुपया भी बचे।
धरती पर भी आस-पास स्वच्छता रहे,
समझ से कर उपयोग, रहें हम निरोगी।।



थोड़ा भी विषैलापन, इन गैसों का रिसता,
सबसे पहले जन-जीवन की, हानि करता।
जीवन-मृत्यु से होकर तब मानव गुजरता,
विषैली गैसों से सावधान, हो बनना भोगी।।


रचना- नैमिष शर्मा(स०अ०)
परि०संवि० वि० तेहरा
वि०ख०/जनपद-मथुरा


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।



# Misson Shikshan Samvad

## मानव जनित आपदाएँ औद्योगिक दुर्घटनाएँ

**06**

कुछ लोग फैक्ट्रियों में अपना जीवन ढोते हैं।
जो औद्योगिक दुर्घटना का शिकार होते हैं।।



ये बनी है बडी-बड़ी
फैक्ट्रियाँ रहित,
कुछ लोगों की लील जाती
जीवन सहित ।
क्योंकि कामगार भी बहुत
प्रशिक्षित नहीं होते हैं ।

निकलती जहरीली गैसें अरु
हानिकारक रसायन,
जहाँ हो थोड़ी चूक जीवन
हो जाता पलायन।
जीवन से ये खेल बहुत
दुखदायी होते हैं।।

कभी-कभी दुर्घटना इतनी
भीषण होती है,
जानें कितनी जाती व
धनहानि भी होती है।
अपनों की लाशों पर फिर
जन परिजन रोते हैं।।

रचना-राजेश तिवारी
(स०अ०)
पूर्व मा०वि० महुआ-२
महुआ, बाँदा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Misson Shikshan Samvad

# मानव जनित आपदाएँ सामुदायिक दंगे

07

हुआ शहर में कल फिर दंगा,
सब कुछ दिख रहा बेरंगा।
फिर नफरत ने बाज़ी मारी,
कुम्हला गयी प्रेम की क्यारी।।



व्यथित सभी थे बर्बादी से,
हर्षित केवल उन्मादी थे।
धन-जन सम्पत्ति की हानि,
आदर्शों की गई कुर्बानी।।

आओ मिलकर करें विचार,
ऐसा ना हो अगली बार।
कोई न किसी का लहू बहाये,
भारत माँ फिर से मुस्काये।।

दीपक कौशिक (स०अ०)
प्रा०वि० भीकनपुर बघा
कुंदरकी, मुरादाबाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Misson Shikshan Samvad

# मानव जनित आपदाएँ - संक्रमित बीमारियाँ

08

संक्रमण ये फैलाते हैं,
हमको बीमार बनाते हैं।
शरीर में घुसते जाते हैं,
संक्रामक बीमारी कहलाते हैं।।



खाँसी,छींक और जुकाम,
ये हैं सब इनके काम।
हमको इनसे बचना होगा,
हाथ,मुँह सब धोना होगा।।

सबसे कुछ दूरी पर रहना होगा,
डॉक्टर की सलाह लेना होगा।
हम सब ये प्रण उठाएंगे,
बीमारी को दूर भगाएंगे।।

आशुतोष कुमार मिश्र
प्रा०वि० बहरौली
निचलौल, महाराजगंज

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



मिशन शिक्षण संवाद

# ••• रचनाकारों की सूची •••

मिशन शिक्षण संवाद

1- सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
2- राकेश कुमार, फर्रुखाबाद
3- कृष्ण कुमार, औरैया
4- साकेत बिहारी शुक्ल, चित्रकूट
5- नैमिष शर्मा, मथुरा
6- राजेश तिवारी, बांदा
7- दीपक कौशिक, मुरादाबाद
8- आशुतोष कुमार मिश्र, महाराज गंज

## # टेक्निकल टीम #

• नवीन पोरवाल • अर्चना अरोड़ा • आर.के.शर्मा,
• पूजा सचान, • गीता यादव • प्रतिभा चौहान
• मन्जू शर्मा, • रीना सैनी • आयुषी अग्रवाल

•• संकलन ••

••• काव्यांजलि टीम •••

**Misson Shikshan Samvad**